प्रादेशिक समाचार

24.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राज्य के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित, छह लोगों की मौत, रांची, लातेहार,पश्चिमी सिंहभूम समेत पंद्रह जिलों में आज भी भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट।

2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—भारत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर दुनिया को मंदी से उबारने की स्थिति में, जल्द बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था।

3. राज्य में चल रही सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित, जिलों से वापस मंगाई जा रही चयनित अभ्यर्थियों की सूची, कल से होने वाली काउंसिलिग भी रुकी।

4. रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट क्षेत्र को महानगरों की तर्ज पर विकसित करने के लिए पांच योजनाओं को दी गई मंजूरी, 45 करोड़ रुपये से होगा सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण।

5. रांची में चल रही अंडर—23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हरियाणा पहले, महाराष्ट्र दूसरे औऱ उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा।

********************

राज्य के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। स्वर्ण रेखा सहित कई नदियां ऊफान पर हैं। भारी बारिश के कारण राज्यभर में छह लोगों की मौत हो गई है। रांची में पिछले चौबीस घंटे के दौरान एक सौ बीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। रांची की स्वर्ण रेखा और हरमू नदियां ऊफान पर हैं और बाढ़ जैसे हालात हैं। हटिया डैम, गेतलसूद डैम, चांडिल डैम, कोडरमा के तिलैया डैम के फाटक खोल दिये गये हैं।

लगातार बारिश से गुमला की दक्षिण कोयल और शंख नदी का जल स्तर बढ़ गया है।

पश्चिमी सिंहभूम जिले में लगातार हो रही बारिश की जानकारी दे रहे हैं।

********************

चतरा जिले के कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड में एक बार फिर मॉनसून सक्रिय हो गया है और राज्य के ज्यादातर जिलों में मुसलाधार बारिश हो रही है।

मौसम विभाग ने रांची, गढ़वा, पलामू, कोडरमा, सिमडेगा समेत पंद्रह जिलों में आज भी भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर दुनिया को मंदी से उबारने की स्थिति में है। श्रीमोदी ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। श्री मोदी ने कहा कि वस्तु और सेवाकर – जीएसटी के नेक्स्ट जनरेशन के सुधार की प्रक्रिया दीपावली से पहले पूरी हो जाएगी। इससे देश में सभी वस्तुओं के मूल्यों में कमी आयेगी।

********************

राज्य में चल रही सहायक नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। कक्षा छह से आठ के लिए सफल स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक लगाते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग विज्ञान गणित और भाषा विषय में चयनित अभ्यर्थियों की सूची वापस मंगा रहा है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मनोज कुमार रंजन ने सभी जिले के उपायुक्तों को पत्र भेजकर अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची वापस लौटाने का निर्देश दिया है। इसके बाद रांची जिले में कल से होने वाली सामाजिक विज्ञान विषय की काउंसिलिंग स्थगित कर दी गई है।

********************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

********************

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट क्षेत्र को महानगरों की तर्ज पर विकसित करने के लिए पांच योजनाओं को मंजूरी दी गई है। इस क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण पर लगभग 45 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने योजनाओं को मंजूरी दी है। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको को जल्द निविदा निकाल कर काम शुरू करने का निर्देश दिया है। प्रधान सचिव ने बताया कि एयरपोर्ट से हिनू चौक मार्ग को सिक्स लेन और हिनू चौक से बिरसा चौक तक सिक्स लेन सड़क का निर्माण कराया जायेगा। वहीं हवाई अड्डा से शहर के प्रवेशद्वार हिनू चौक का सौंदर्यीकरण भी किया जायेगा।

********************

राजधानी रांची के कांके स्थित नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स–2 की जमीन पर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने हल जोतो रोपा रोपो कार्यक्रम के तहत आज हल चलाने की घोषणा की है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने इस इलाके में निषेधाज्ञा लगा दी है।

********************

झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित संपूरक–समुन्नत माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा–2025 रांची जिला के पांच परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। इसे लेकर परीक्षा केन्द्रों के आसपास निषेधाज्ञा लगा दी गई है।

********************

गिरिडीह उपायुक्त राम निवास यादव ने अवैध पत्थर, माईका, बालू एवं कोयला खनन पर रोक लगाने का आदेश अधिकारियों को दिया है।

********************

रांची के सरला बिरला विवि में चल रहे स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 में झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में शामिल हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया और विभिन्न स्टॉल्स की सराहना की।

********************

रांची में चल रही अंडर–23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हरियाणा पहले जबकि महाराष्ट्र दूसरे और उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा। दूसरे दिन सभी 10 भार वर्गों में महिला कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गई।

********************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने बारिश और आचार्य नियुक्ति परीक्षा स्थगित होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है– हटिया डैम ओवरफ्लो, नदियों में उफान, कई रिहायशी इलाके जलमग्न।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– बारिश का कहर, छह की मौत।

हिंदुस्तान ने बारिश के बाद रांची के जगन्नाथ मंदिर के पहुंच पथ में दरार और बुंडू में पुल धंसने की खबर को प्राथमिकता दी है।

दैनिक भास्कर ने रांची में दो करोड़ के जाली नोट पकड़ाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

रांची एक्सप्रेस ने कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र की गिरफ्तारी की खबर को सुर्खी बनाई है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने झारखंड पुलिस के मोस्ट वांटेड रहे कुख्यात अपराधी मयंक सिंह के अजर बैजान से झारखंड लाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******समाप्त************